# नानक चन्द जनता इण्टर कॉलेज, सौन्दा, गाज़ियाबाद


# 9149189379

# ncjintercollege@gmail.com


**<u>About Us :</u>**

नानक चन्द जनता इण्टर कॉलेज, सौन्दा, गाज़ियाबाद की स्थापना विद्यालय के संस्थापक चौ0 नानक चन्द त्यागी ने वर्ष 1952 में की थी | चौ0 नानक चन्द त्यागी अपने पिता चौ0 संगवा सिंह की इकलौती संतान थी | चौ0 नानक चन्द त्यागी का जन्म अपने नाना चौ० कान्हा सिंह के यहां ग्राम मुबारकपुर, उस समय के जनपद मेरठ में हुआ था | विपरीत परिस्थितियों में अपने ममेरे भाई चौ0 आसाराम नंबरदार व अन्य इष्ट मित्रों की सलाह पर आपने इस विद्यालय की स्थापना की | प्रारंभ में इस विद्यालय का नाम नानक चन्द जनता हायर सेकेंडरी स्कूल सौन्दा था | वर्तमान में यह विद्यालय नानक चन्द जनता इंटर कॉलेज, सौन्दा, गाजियाबाद के रूप में संचालित है |

भौगोलिक दृष्टि से नानक चन्द जनता इंटर कॉलेज सौन्दा, गाजियाबाद, दिल्ली-मेरठ रोड पर मुरादनगर अपर गंग नहर के पूर्वी दिशा में मुरादनगर पुल से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर तथा मोदीनगर के पश्चिम में बस स्टैंड से लगभग 6 किलोमीटर दूर पर सड़क मार्ग से ग्राम सौन्दा में स्थित है |

उत्तरोत्तर विकास के पथ पर चलते हुए विद्यालय के अध्यक्ष चौ० आनंद स्वरूप त्यागी, प्रबंधक श्री प्रवीण त्यागी, कोषाध्यक्ष श्री कालूराम त्यागी , प्रधानाचार्य श्री जय भगवान त्यागी, उपाध्यक्ष श्री सुरेंद्र पाल त्यागी, उप प्रबंधक श्री संजय त्यागी , सभी सदस्यगण एवं क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यालय के विकास में उत्कृष्ट योगदान देते हुए विद्यालय भवन की मरम्मत, नवनिर्माण, आवश्यक संसाधनो की उपलब्धता, इण्टरमीडिएट स्तर पर विज्ञान, मानविकी वर्ग एवं कम्प्युटर वर्ग की मान्यता सहित अनेक विकास कार्य किये | वर्तमान में भी संस्था विकास के पथ पर निरन्तर अग्रसर है और अपने शैक्षिक उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु प्रयासरत है |
विद्यालय को सन 1953 में हाईस्कूल कला वर्ग की मान्यता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज से मिली। सन 1957 में हाईस्कूल विज्ञान वर्ग की मान्यता एवं हाईस्कूल कृषि वर्ग की मान्यता सन 1963 में मिली | सन 1965 में इण्टर विज्ञान वर्ग की मान्यता मिली एवं सन् 1973 में विद्यालय को इण्टर साहित्यिक वर्ग की मान्यता मिली|

वर्तमान प्रधानाचार्य श्री जय भगवान त्यागी जी सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का सहयोग लेकर विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं प्रधानाचार्य जी ने समस्त गतिविधियों से संबंधित शिक्षकों की समितियां बनाकर प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता रखने का प्रयत्न किया है |

विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी पूर्ण निष्ठा एवं इमानदारी से विद्यालय के प्रति अपने कर्तव्य एवं दायित्व को प्रधानाचार्य श्री जय भगवान त्यागी के नेतृत्व में बड़े ही अच्छे तरीके से निभा रहे हैं|

**Our Founder :**

विद्यालय के संस्थापक चौ0 नानक चन्द त्यागी -

**जन्म** **-** कार्तिकवदी एकादशी संवत 1948

**देहावसान** **-** 06 जनवरी 1969

चौ॰ नानक चन्द जी ने ग्राम सौन्दा में विद्यालय की स्थापना ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की कमी को देखते हुए कि वह चाहते थे कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अच्छे डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर, प्रोफेसर, अधिकारी, खिलाड़ी एवं अच्छे नागरिक बने जिससे छात्र एवं क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो सके चौधरी साहब कम पढ़े लिखे होने के बावजूद भी बहुत दूर दृष्टाया थे, उन्होंने जनहित में अपनी समस्त चल अचल संपत्ति को एक ट्रस्ट का गठन कर विद्यालय के नाम कर दिया इससे ग्राम सौन्दा व इसके आसपास के गांव के बच्चे अपने नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं विद्यालय की स्थापना के उपरांत विद्यालय से अनेकों छात्र शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं| जिनहोनें ना केवल विद्यालय को सम्मान दिलाया बल्कि क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है| चौधरी साहब का विद्यालय की स्थापना के पीछे एक ही उद्देश्य था कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी उचित शिक्षा का केंद्र मिले जिससे यहां के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का पर्याप्त अवसर मिल सके

**प्रबंध समिति**

अध्यक्ष चौ॰ आनंद स्वरूप त्यागी

प्रबंधक श्री प्रवीण त्यागी

प्रधानाचार्य श्री जय भगवान त्यागी
कोषाध्यक्ष श्री कालूराम त्यागी
उपाध्यक्ष श्री सुरेंद्र पाल त्यागी
उप प्रबंधक श्री संगम त्यागी
सदस्य श्री देवदत्त त्यागी
सदस्य श्री अशोक त्यागी
सदस्य श्री पुनीत त्यागी
सदस्य श्री अनुराग त्यागी
सदस्य श्री अतुल त्यागी

## पूर्व प्रबन्धक :

1. चौ० नानक चन्द त्यागी
2. चौ० आसाराम त्यागी
3. चौ० लक्ष्मी नारायण त्यागी
4. श्री सुरेन्द्र पाल त्यागी
5. श्री शिव नन्दन त्यागी

## Infrastructure

**नानक चन्द जनता इण्टर कॉलेज, सौन्दा, गाज़ियाबाद** में कक्षा 6वीं से 12वीं तक की शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में विद्यार्थियों की कुल संख्या लगभग 474 है जिसमे 447 छात्र एवं 47 छात्राएँ है | विद्यालय में शिक्षा का माध्यम हिंदी है। विद्यालया में शैक्षणिक सत्र अप्रैल से मार्च तक रहता है।
विद्यालय में इण्टरमीडिएट के वैज्ञानिक वर्ग में छात्राओं को अध्ययन की सुविधा प्रदान की गयी है |

विद्यालय के सभी कक्ष सीसीटीवी व वॉइस रिकॉर्डिंग युक्त है । इसमें शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए 20 कक्ष हैं। सभी शैक्षणिक कक्षाओं की स्थिति ठीक है और छात्र एवं छात्राओं के लिए फर्नीचर एवं पंखों का समुचित प्रबन्ध है । इसमें गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए अन्य कमरे एवं एक बड़ा हाल है। विद्यालय में प्रधानाचार्य, कार्यालया सहायक एवं शिक्षकों के लिए अलग-अलग कमरे है। विद्यालय में पक्की चाहरदीवारी है। विद्यालय में विद्युत का समुचित प्रबन्ध

है। विद्यालय में पेयजल का समुचित प्रबंध है । विद्यालय में शौचालय का समुचित प्रबन्ध है । विद्यालय प्रांगण तथा विद्यालय के ठीक सामने खेलकूद का प्रबंध है | खेलकूद के लिए भव्य मैदान है। विद्यालय में पुस्तकालय है और वाचनालय की सुविधा उपलब्ध है। विकलांग बच्चों के लिए कक्षाओं तक पहुंचने के लिए विद्यालय में रैंप की व्यवस्था है। विद्यालय में छात्र छात्राओं को कम्प्युटर शिक्षा हेतु कम्प्युटर लैब स्थापित है | विद्यालय में प्रयोगात्मक कार्यों हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व भूगोल की उपर्युक्त प्रयोगशालाएँ है |

## अध्यक्ष सन्देश

मैं विद्यालय का अध्यक्ष होने के नाते सभी क्षेत्रवासियों को पूर्ण विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आप सभी शिक्षा के क्षेत्र में हमारा पूर्ण सहयोग करेंगे जिससे हमारा विद्यालय क्षेत्र की जनता को अच्छा परिणाम दे सके| जब तक विद्यालय के छात्र प्रदेश में अपना स्थान ना बना लें, मैं विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकों एवं कर्मचारियों से यह आशा रखता हूं कि वे सभी भविष्य को दृष्टि में रखकर अथक परिश्रम करें, जिससे विद्यालय का प्रदेश में शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्काउट सभी में स्थान बने एवं उन सभी छात्रों के साथ साथ विद्यालय के सभी कार्यकर्ताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं|

अध्यक्ष चौ० आनंद स्वरूप त्यागी

## प्रबन्धक सन्देश

इतिहास गवाह रहा है कि किसी भी समाज कि उन्नति एवं प्रगति उसकी भावी पीढ़ी पर निर्भर है । भावी पीढ़ी शिक्षा के माध्यम से मानवीय मूल्यों, आदर्शो एवं संस्कारों का बीज बोकर सफल जीवन जीते हुए मोक्ष को प्राप्त करे यही उदेशय है । तभी तो कहा गया है _ सा विधा या विमुक्तये । मानव शरीर के प्रत्येक अंग अवयव में असीम शक्तियां छिपी हुई है । इन्हें जानने एवं विकसित करने क़ि जरुरत होती है जिससे जीवन समृद्ध, समुन्नत एवं गौरवशाली बन सके । साहस, शौर्य, उधम, परिश्रम, उद्योग, धैर्य एवं संघर्ष क़ि अद्भुत शक्तियां सिर्जनात्मक विचारो से उत्पन्न होती है जिनका प्रयोग जीवन के किर्यात्मक क्षेत्र में करने से इच्छित फल की प्राप्ति होती है ।

शुभकामनाओं सहित<br>
**प्रबंधक-** प्रवीण त्यागी

## प्रधानाचार्य सन्देश

विद्यालय वेबसाइट www.ncjic.com आपके सम्मुख प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है | विद्यालय तथा उससे संबंधित बहुत से विभागीय नियमों का ज्ञान अभिभावकों को होना आवश्यक है, जिससे वे अपने बच्चों को प्रेरित करें कि विद्यालय नियमों का वह पूरी तरह पालन करते हुए नित नूतन सफलताओं की ओर अग्रसर हो | सभी छात्र अपनी कक्षाओं में प्रारंभ से ही अनुशासन में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी मेहनत और परिश्रम से करें जिससे हमारे छात्र जनपद में ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर पर भी अपना स्थान बनाए और विद्यालय के आसपास के वातावरण को भी पूर्ण हरा भरा बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें | इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु विद्यालय वेबसाइट विकसित की गई है तथा इसमें यथासंभव सभी आवश्यक नियमों, उप नियमों एवं आवश्यक सूचनाओं का समावेश किया गया है |

विद्यालय परिवार का पूर्ण प्रयास रहेगा कि विद्यालय के अंदर छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जाए| मैं अपनी ओर से सभी को आश्वस्त करता हूं कि मैं पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ विद्यालय का सर्वांगीण विकास करने का अथक प्रयास करूँगा | इसके साथ ही छात्रों के शिक्षण एवं अनुशासन को उच्च स्तर पर ले जाने का अथक प्रयास करूँगा | अतः मैं क्षेत्रवासियों से भी इस विद्यालय के संपूर्ण विकास एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य को बनाने के लिए सहयोग की अपेक्षा करता हूँ | प्रशासनिक, गैर प्रशासनिक, कार्यालय कर्मचारियों एवं समस्त शिक्षकों से पूर्ण सहयोग की मनोकामना करता हूं|

**प्रधानाचार्य**
**जय भगवान त्यागी**

## STAFF - विद्यालय परिवार :

वर्तमान में विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित लगभग 55, अध्यापक, कर्मचारी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं |

### UNIFORM – विद्यालय गणवेश

**छात्रों के लिए** : छात्र सफेद कमीज व ग्रे कलर पेंट

**छात्राओं के लिए :** सफेद सलवार व ग्रे कलर कुर्ता

## Admission प्रवेश पंजीकरण

1. पंजीकरण फॉर्म को स्कूल से एकत्रित किया जा सकता है, जिसे निम्नलिखित अनुलंग्नकों के साथ विद्यालय कार्यालय में विधिवत भरा और जमा किया जाना चाहिए:
2. जन्म प्रमाण पत्र की प्रति
3. आधार कार्ड की प्रति
4. पिछले विद्यालय से ट्रांसफर सर्टिफिकेट / माईग्रेशन सार्टिफिकेट
5. निवास प्रमाण पत्र
6. छात्र के दो, हाल ही में पासपोर्ट आकार की फोटो
7. छात्र के साथ माता-पिता का एक पासपोर्ट आकार की फोटो।
8. जनपद के बाहर के विद्यार्थी का अपना स्थांतरण प्रमाण पत्र (TC) सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित

## प्रवेश प्रक्रिया _ सामान्य नियमावली

- प्रवेश प्रक्रिया में प्रवेश परीक्षा अथवा अहर्ता परीक्षा में कुल प्राप्तांक प्रतिशत तथा वरीयता क्रम के आधार पर किए जाएंगे |

- जिले के मूल निवासी अभ्यर्थी को जिसने प्रवेश हेतु आवश्यक योग्यता परीक्षा बाहर के जनपद से उत्तीर्ण की है, किंतुयदि वह प्रवेश का इच्छुक है तो सक्षम अधिकारी द्वारा मूल निवास प्रमाण पत्र एवं आरक्षण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा तभी प्रवेश संभव हो सकेगा |

- सभी कक्षाओं में प्रवेश विद्यालय द्वारा निर्णयित मेरिट के आधार पर किए जाएंगे |

## Cultural Program - सांस्कृतिक कार्यक्रम

छात्रों द्वारा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है | 15 अगस्त, 26 जनवरी एवं 02 अक्टूबर को प्रत्येक वर्ष विद्यालय में प्रशंसनीय आयोजन किया जाता है जिसमें गीत, नाट्य, हास्यव्यंग्य और देशभक्ति के कार्यक्रम कराए जाते हैं| इस आयोजन का श्रेय समस्त विद्यालय परिवार को जाता है जो अपने कठिन परिश्रम के द्वारा छात्र छात्राओं को प्रेरित कर प्रशिक्षण देकर तैयार करते हैं एवं उनका प्रकटीकरण राष्ट्रीय पर्व पर दृष्टिगोचर होता है|

## Other Important Rules :

1. विद्यालय में छात्र -छात्रा का फोन रखना वर्जित है |
2. किसी ऐसे अभ्यर्थी को विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जाएगा जिसे अनुशासन समिति द्वारा दुर्व्यवहार तथा विद्यालय के किसी शिक्षक या कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार का दोषी पाया गया हो |
3. विद्यालय में प्रतिदिन परिचय-पत्र लाना अनिवार्य होगा|
4. निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित ना होने पर प्रवेशार्थी का प्रवेश अधिकार समाप्त हो जाएगा| प्रवेश के समय जाति प्रमाण पत्र, टी० सी० एवं आधार कार्ड की प्रतिलिपि लाना अनिवार्य है|
5. किसी भी छात्र-छात्रा का कार्य व आचरण संतोषजनक ना होने पर विद्यालय के अनुशासन के प्रावधानों के अनुसार विद्यालय से किसी भी समय निकाला जा सकता है|
6. प्रवेश के समय अपना फोटो लाना अति आवश्यक है|
7. विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय की वेशभूषा में आना अनिवार्य है |

**TIME TABLE (कॉलेज की समय सारणी)**

| | |
|---|---|
| ग्रीष्मकालीन | प्रातः 7:50 बजे से दोपहर 01:50 बजे तक |
| शीतकालीन | प्रातः 8:50 बजे से सायंकाल 2:50 बजे तक |

**परीक्षाएं**

विभागीय नियमानुसार होंगी

**Course Of Study –**

**उपलब्ध पाठ्यक्रम**

**इण्टरमीडिएट स्तर पर**

**मानविकी वर्ग** – सामान्य हिंदी, अंग्रेजी, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, समाजशास्त्र, , इतिहास एवं कला

**विज्ञान वर्ग**– हिंदी, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व गणित

**हाई स्कूल स्तर पर**

हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, नैतिक एवं शारीरिक शिक्षा

**जूनियर हाई स्कूल स्तर**

**पाठ्य विषय** : हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विषय, विज्ञान, कला, संस्कृत तथा नैतिक एवं शारीरिक शिक्षा

## गतिविधियां एवं सुविधाएं

**नानक चन्द जनता इण्टर कॉलेज, सौन्दा, गाज़ियाबाद** छात्रों के बहुमुखी विकास के अवसर प्रदान करने में प्रयासरत है| इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अच्छे क्रियाकलापों संबंधी समितियां सक्रिय हैं तथा निम्न्वत समितियां एवं सुविधाएँ छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए प्रदान की गयी है -

1. खेलकूद की सुविधाएं
2. विज्ञान प्रतियोगिताएं
3. सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलाप
4. वाद-विवाद प्रतियोगिताएं
5. अनुशासन समिति
6. पुरस्कार योजना
7. शिक्षक अभिभावक संघ
8. सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
9. पेयजल की व्यवस्था
10. जूनियर कक्षाओं के लिए मध्याहन भोजन व्यवस्था (सरकार के नियमों के अनुसार)